
## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# जिलों को अब साप्ताहिक सैम्पलिंग का लक्ष्य किया गया निर्धारित

## निर्देश | विभाग द्वारा "ईट राईट मेले" किये जायेंगे आयोजित

**संवाददाता**

देहरादून। जनसाधारण के स्वास्थ्य की सुरक्षा और त्यौहारी सीजन में मिलावटखोरी पर नकेल कसने के लिए राज्य के खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ० पंकज कुमार पाण्डेय द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किये गये हैं। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिलों को अब साप्ताहिक सैम्पलिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही सप्ताह में हाई रिस्क निरीक्षण करने के साथ ही दूध व दूध से बने खाद्य पदार्थों तेल मसाले आदि की "कोमोडिटी आधारित सैम्पलिंग" करायी जा रही है।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त के अनुसार राज्य की सीमाओं पर पुलिस डेयरी व आरटीओ जैसे विभागों के साथ मिलकर संयुक्त निरीक्षण की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ पंकज कुमार पाण्डेय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार विभाग द्वारा सबसे अहम कदम खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग हेतु निर्धारित समय को लेकर उठाया गया है। विगत वर्षों में जहां खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग के बाद रिपोर्ट आने में लम्बा समय लग जाता था जिसे अब सुनिश्चित किया गया है, कि 14 दिनों के अन्दर सैंपल रिपोर्ट आवश्यक रुप से आ जाये। इसके लिये रुद्रपुर स्थित जांच प्रयोगशाला को विशेष रूप से निर्देश जारी किये गये है।

आयुक्त डॉ पंकज कुमार पाण्डेय द्वारा विगत दिनों किये गये नमूना संग्रहण एवं निरीक्षण के बारे में भी बताया। अक्टूबर माह में खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी रोकने के लिये विशेष अभियान संचालित किया गया। डॉ पंकज कुमार पाण्डेय के अनुसार अभियान अवधि में सभी 13 जिलों में कुल 523 विभिन्न खाद्य सामग्री मुख्यतया: दुग्ध उत्पाद, खाद्य तेल, बेसन, मसाले एवं मिठाईयों के नमूनें लेकर लैब में भेजे गये। इस अवधि में 275 हाई रिस्क प्रतिष्ठानों मिठाई एवं अन्य निर्माण इकाईयों को निरीक्षण किया गया तथा नियमों के उल्लंघन पर 47 खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में वाद दायर किये गये है। रूद्रपुर प्रयोगशाला में प्राप्त कुल 329 सैम्पलों के सापेक्ष अब तक 98 की जांच पूरी की जा चुकी है। जबकि 231 नमूनों की जांच प्रक्रिया में है। अब तक जांचोपरान्त 68 नमूनों की रिपोर्ट सही पायी गयी जबकि 30 नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ पंकज कुमार पाण्डेय द्वारा खाद्य सुरक्षा के अन्तर्गत भविष्य में की जाने वाली कार्यवाही के बारे में भी बताया कि उपयोग में आने वाले खाद्य वस्तुओं को लेकर एफ०डी०ए० द्वारा नवम्बर 2021 से मार्च 2022 तक विशेष सर्विलान्स अभियान चलाया जायेगा। विभाग द्वारा "ईट राईट मेले" भी आयोजित किये जायेंगे।

### भोग योजना से प्रसाद सर्टिफाई होगा

आयुक्त डॉ पंकज कुमार पाण्डेय ने यह जानकारी दी कि केदारनाथ धाम को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली की ओर से जल्द "भोग योजना में सर्टिफिकेशन हासिल होने जा रहा है। इसके लिये केदारनाथ धाम से प्रसाद को "भोग योजना के तहत सर्टिफिकेशन प्रदान किया जाना है। इसके लिये राज्य स्तर पर प्रशिक्षण व ऑडिट के साथ ही भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली को प्रस्ताव बनाकर प्रेषित किया जा चुका है। उत्तराखण्ड के चारो धामों में केदारनाथ धाम पहला मन्दिर होगा जहां भोग योजना से यहाँ का प्रसाद सर्टिफाई होगा। केदारनाथ धाम के बाद राज्य के अन्य मन्दिरों में भी यह प्रक्रिया अपनाई जायेगी।

## न्यूज डायरी

### दिल्ली रूट 20 व बरेली के लिए दौड़ेंगी 22 बसें

**संवाददाता** रुद्रपुर। दीपावली के दो दिन पहले धनतेरस पर मंगलवार को रोडवेज बस स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। यात्रियों को दिक्कत न हो इसके लिए रुद्रपुर डिपो से 12 बसें दिल्ली भेज दी गई हैं। लोकल रूट पर भी यात्रियों की संख्या को देखते हुए बसें बढ़ाई जाएंगी। दीपावली पर अपने घर आने वाले यात्रियों के लिए परिवहन निगम ने भरपूर बसों की व्यवस्था की है। दिल्ली के लिए 15 से 20 बसों का संचालन किया जा रहा है। इसमें 12 बसें मंगलवार को सुबह ही भेजी जा चुकी हैं। बुधवार को वापसी करेंगी और दूसरे दिन दीपावली पर भी बसों की व्यवस्था भरपूर रहेगी। वहीं रुद्रपुर से बरेली के लिए भी 20 से 22 बसें दौड़ेंगी। रुद्रपुर से बाहर जाने वाली रूटों टनकपुर, अल्मोड़ा सहित पिथौरागढ़ के लिए भी बसें भरपूर मिलेंगी।

### सिविक सर्विसेज ने एल्प्स फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण किया पूरा

**संवाददाता** देहरादून। सिविक सर्विसेज होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड (सीएस) ने आज घोषणा करते हुए कहा है कि उसने आल्प्स फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड (आल्प्स फार्मास्युटिकल्स) का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। निम्नलिखित आल्प्स फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए (सी.एस) की संकल्प योजना को एनसीएलटी द्वारा एप्रूव्ड आदेश दिनांक 06/07/2021 दिया को था आल्प्स फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल ने (सी. ओह .सी) की ओर से कंपनी की सभी संपत्तियों का पूरा कब्जा 1 नवंबर, 2021 को आल्प्स फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडस्ट्रियल एस्टेट, पातालदेवी, अल्मोड़ा, उत्तराखंड स्थित में सिविक सर्विसेज होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड को दे दिया है।

### टाटा मोटर्स ने सभी सेगमेंट्स में 21 नए कॉमर्शियल वाहन किए लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। भारत के सबसे बड़े कॉमर्शियल वाहनों के निर्माता,टाटा मोटर्स ने 21 नए प्रॉडक्ट्स और वैरिएंट्स की विस्तृत और व्यापक रेंज लॉन्च कर भारत के आर्थिक विकास में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। इसे सभी श्रेणियों और सभी तरह सामान ले जाने तथा यात्रियों के लिए सुविधाजनक ट्रांसपोर्ट की उभरती जरूरत को पूरा करने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। ये अत्याधुनिक वाहन टाटा मोटर्स के अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल के लिए स्थापित "पावर ऑफ 6" लाभ प्रस्ताव को फिर से स्थापित करते हैं। इसकी उत्पादकता काफी अधिक है और स्वामित्व की लागत काफी कम है। आधुनिक फीचर्स से लैस 21 वाहनों को भारतीय अर्थव्यवस्था की उभरती हुई जरूरतों और प्रभावी ट्रांसपोर्ट की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के मकसद से डिजाइन किया गया है।

## डोली के सहारे मरीजों को पहुंचाया जा रहा अस्पताल

**संवाददाता** चम्पावत। 18 और 19 अक्टूबर को जिले में हुई अतिवृष्टि से आई आपदा से सैकड़ों सड़कों को नुकसान पहुंचा। इनमें से अधिकांश सड़कें आवागमन के लिए सुचारू कर दी गई हैं, लेकिन कई सड़कें अभी भी बंद हैं। सड़कों के बंद होने से ग्रामीणों को कई दुश्वारियां झेलनी पड़ रही हैं। सड़क बंद होने के कारण चौमेल क्षेत्र के शील, जमरेड़ी, सुतेड़ा आदि गांवों से मरीजों को चौमेल तक डोली में लाना पड़ रहा है।

मंगलवार को सुतेड़ा गांव की 90 वर्षीय बुजुर्ग दुर्गा देवी को उपचार के लिए डोली के सहारे चौमेल तक लाया गया। चौमेल से सुतेड़ा मोटर मार्ग 19 अक्टूबर की आपदा में बह गया था। आपदा के 14 दिन बाद भी प्रशासन की अनदेखी के कारण सड़क अभी भी सुचारू नहीं हो पाई है। सड़क बंद होने से इन गांवों में खाद्यान्न का संकट भी पैदा होने लगा है। बीते 25 अक्टूबर को एक स्कूटी सवार सड़क पार करते वक्त खाई में गिर गया था। ग्रामीणों ने रोड न खुलने पर दीपावली के बाद डीएम कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। ग्रामीण भास्कर शर्मा, मानस बिष्ट, शेखर शर्मा, खिलानंद शर्मा, कमलाकांत पाठक, अमित बिष्ट, निर्मल शर्मा, दिनेश सिंह, हरीश राम आदि ने बताया कि लोनिवि के अधिकारियों से कई बार सड़क खोलने की गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोनिवि के ईई एमसी पांडेय ने बताया कि अभी क्षेत्र की एक दर्जन करीब ग्रामीण सड़कें अभी भी बंद हैं।



### पीएम के दौरे से ठीक पहले पंजाब सीएम चन्नी और सिद्धू पहुंचे बाबा केदार के दर

**संवाददाता** देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आराध्य बाबा केदार को लेकर अब सियासत गर्मा गई है। कांग्रेस के नेता अब देवों के देव महादेव की शरण में पहुंच रहे हैं। पंजाब में प्रदेश संगठन और सरकार के बीच मचे घमासन के बीच अब मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू और अन्य दिग्गज केदारनाथ धाम के दर्शन को पहुंचे। उन्होंने बाबा केदार का आशीर्वाद लिया। पंजाब में कांग्रेस की अंदरुनी लड़ाई को थामकर एकजुटता दिखाने की कोशिश के राजनीतिक निहितार्थ भी हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दौर से पहले इन नेताओं के केदारनाथ दर्शन को राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस की सियासत से जोड़कर देखा जा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास कार्यो हेतु प्रदान की वित्तीय स्वीकृति

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास कार्यों हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र खटीमा के अन्तर्गत (1) ग्रामसभा ढाह-ढाकी में गिल फार्म से गुरुमेल के ओर मार्ग का डामरीकरण एवं (2) मेनरोड पकड़िया से बंगाली कॉलोनी की ओर मार्ग के डामरीकरण हेतु 1 करोड़ 76 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र कोटद्वार के अन्तर्गत विभिन्न 02 निर्माण कार्यों हेतु 2 करोड़ 77 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र थराली के अन्तर्गत विभिन्न 03 निर्माण कार्यों हेतु 1 करोड़ 30 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र गंगोलीहाट के अन्तर्गत एनएच-30ए के किमी० 19 से



शहीद शंकर सिंह मेहरा के ग्राम नाली तक मोटर मार्ग हेतु 12 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के अन्तर्गत दयूरी से चल्थी तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 1 करोड़ 23 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र गंगोत्री के अन्तर्गत विभिन्न 02 निर्माण कार्यो हेतु 46 लाख रूपये, निकायों की अवशेष वेतन, पेंशन, उपादान एरियर आदि के भुगतान हेतु 26 करोड़ 51 लाख रूपये, शहरी स्थानीय निकायों को 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के क्रम में वित्तीय वर्ष 2020-21 में आबद्ध/अनिर्दिष्ट अनुदान की प्रथम किश्त हेतु 41.80 करोड़ रूपये, शहरी स्थानीय निकायों को वित्तीय वर्ष 2021-22 की प्रथम किश्त हेतु 62.70 करोड़ रूपये, वित्तीय वर्ष 2021-22 में राज्य सैक्टर योजना कैम्पा हेतु 120.33 करोड़ रूपये तथा उत्तराखण्ड अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन में अतिरिक्त आवश्यक कार्यों हेतु 63.50 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

## देश को एक सूत्र में पिरोती है दीपावलीरू स्वामी यतीश्वरानंद

**संवाददाता** हरिद्वार। दीपावली देश को एक सूत्र में पिरोने का काम करती है, उत्सव का उजास अंधेरे से उजाले की ओर ले जाता है। दीपावली के दिन ही स्वामी दयानंद सरस्वती को निर्वाण प्राप्त हुआ था। यह बात राज्य के कबीना मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने प्रेस क्लब में आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि जैन तीर्थांकरों के लिए भी दीपावली का विशेष महत्व है। कहा कि जब भगवान राम 14 साल का वनवास पूरा करने के बाद अयोध्या वापस आए थे तो खुशियों के दीप जलाए गए थे। तभी से दीपावली पर्व मनाने की परंपरा की शुरूआत हुई। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी व प्रतिष्ठित चिकित्सक डा. संध्या शर्मा ने कहा कि प्रेस क्लब की समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने में उल्लेखनीय भूमिका है। प्रेस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष डा. शिवशंकर जायसवाल ने कहा कि पत्रकारों का दीपावली पर्व का आयोजन उनकी संगठनात्मक शक्ति और एकता को दर्शाता है।